लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 4118

25 मार्च, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

वस्त्र क्षेत्र में क्षमता निर्माण हेतु योजना

4118. श्रीमती हेमा मालिनी:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने वस्त्र क्षेत्र में कार्यबल कौशल को बढ़ाने तथा स्थायी आजीविका के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से एक व्यापक कौशल नीति अवसंरचना के रूप में समर्थ योजना (वस्त्र क्षेत्र में क्षमता निर्माण हेतु योजना) शुरू की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) समर्थ योजना के अंतर्गत अब तक प्राप्त उपलब्धियों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वस्त्र राज्य मंत्री

(श्री पबित्र मार्घेरिटा)

(क) से (ग): वस्त्र मंत्रालय संगठित वस्त्र और सम्बद्ध क्षेत्रों में रोजगार सृजन में उद्योग के प्रयासों को पूरा करने के लिए मांग आधारित, प्लेसमेंट-उन्मुख कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करने के उद्देश्य से समर्थ (वस्त्र क्षेत्र के लिए क्षमता निर्माण योजना) को क्रियान्वित कर रहा है, जिसमें संगठित क्षेत्र में स्पिनिंग और वीविंग के अलावा वस्त्र की संपूर्ण मूल्य श्रृंखला शामिल है। समर्थ को पूरे देश में मांग आधारित आधार पर क्रियान्वित किया गया है। दिनांक 19.03.2025 तक, कुल 3.82 लाख लाभार्थियों को प्रशिक्षित (उत्तीर्ण) किया गया है और 2.97 लाख लाभार्थियों (77.74%) को रोजगार प्रदान किया गया है।

*****